कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 10-01-2025

विषयः- पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन व यातायात लाइन का भ्रमण कर किया गया निरीक्षण, दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश।

- धूमधाम से मनाया जायेगा गणतन्त्र दिवस, एसीपी लाइन डॉ0 ईशान सोनी करेंगे परेड का नेतृत्व।
- 12 टोलियां होंगी गणतन्त्र दिवस परेड में शामिल, जिसमें पीएसी - 02, सीआरपीएफ - 01, होमगार्ड - 02, एनसीसी - 02, महिला पुलिस - 01, ट्रैफिक पुलिस - 01, सिविल पुलिस - 03 सहित मोटरसाइकिल, फायर, रेडियो, डॉग स्क्वार्ड, घुड़सवार पुलिस, एस0ओ0जी0, पी.आर.वी. के दस्ते होंगे शामिल, बच्चों के होंगे रंगारंग प्रोग्राम।
- वाराणसी पुलिस लाइन को सर्वश्रेष्ठ व सुन्दर पुलिस लाइन बनाना हमारा उद्देश्य, 26 जनवरी के पूर्व पूर्ण कर लिये जाये साजसज्जा व मरम्मत के सभी कार्य- सीपी।
- पुलिस लाइन में विशिष्ट व्यक्तियों हेतु प्रस्तावित VIP Lounge के निर्माण स्थल का निरीक्षण कर दिये आवश्यक निर्देश।
- Mounted Police के निरीक्षण के दौरान घोड़ों के रख-रखाव की ली जानकारी एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों, बाजारों आदि में घुड़सवार पुलिस की गश्त बढ़ाने के दिये निर्देश।
- यातायात लाइन परिसर में जब्त वाहनों के व्यवस्थित रख-रखाव एवं समय से निस्तारण किये जाने के दिये निर्देश।
- परेड ग्राउण्ड का निरीक्षण कर ग्राउण्ड को हरी घास युक्त, सौंदर्यीकरण कराये जाने व बाउण्ड्री वाल के निर्माण में एकरूपता लाने के दिये निर्देश।

- **यातायात लाइन में हो रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की ली जानकारी, समय से कार्य पूर्ण करने के दिये निर्देश।**

आज दिनांक 10-01-2025 को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन कमिश्नरेट वाराणसी परिसर व यातायात लाइन में भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा मेन गेट, परेड ग्राउण्ड, गेस्ट हाउस, चिल्ड्रेन पार्क में हो रहे निर्माण कार्यों, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जाँच, मरम्मत कार्य की प्रगति का मूल्यांकन, सुरक्षा मानकों का पालन एवं सभी कार्य समय पर पूर्ण हो इसके लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए। परेड ग्राउण्ड का निरीक्षण कर ग्राउण्ड को हरियाली युक्त बनाकर उसकी साज-सज्जा करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। इस दौरान अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था श्री एस0 चन्नप्पा, पुलिस उपायुक्त लाइन एवं यातायात श्री हृदेश कुमार, अपर पुलिस उपायुक्त लाइन श्रीमती श्रुति श्रीवास्तव, अपर पुलिस उपायुक्त यातायात श्री राजेश कुमार पाण्डेय, सहायक पुलिस आयुक्त यातायात श्री अंजनी कुमार राय, प्रतिसार निरीक्षक, यातायात निरीक्षक व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।